# अब लखनऊ से यूरोप-यूएस की उड़ान होगी

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। यूरोप और यूएस की उड़ान के लिए दिल्ली जाने की बजाए यात्री आने वाले समय में लखनऊ एयरपोर्ट से जाना पसंद करेंगे।

नए टर्मिनल-3 से जल्द ही अन्तरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए परिचालन शुरू हो जाएगा। फिलवक्त एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से इसके लिए डीजीसीए से मंजूरी मांगी गई है। मंजूरी मिलते ही परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। ओमान एयरवेज ने इसी सप्ताह परिचालन शुरू होने की बात कही है, लेकिन एयरपोर्ट प्रशासन का कहना है कि थोड़ा समय लगेगा। मौजूदा समय एयरपोर्ट का अन्तरराष्ट्रीय टर्मिनलपुरानी इमारत में है। यहां जगह काफी कम है।